भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 325
उत्तर देने की तारीख : सोमवार, 24 जून, 2019
03 आषाढ़, 1941 (शक)

विश्व विरासत श्रृंखला संस्मारक पदक कार्यक्रम

325. श्री जगदम्बिका पाल :

क्या **संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने हाल ही में विश्व विरासत श्रृंखला संस्मारक पदक कार्यक्रम की शुरुआत की है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार द्वारा यूनेस्को द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार उत्तर प्रदेश सहित देश में विरासत स्थलों के संरक्षण हेतु कदम उठाए गए हैं; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी उत्तर प्रदेश सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
संस्कृति और पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) और (ख) : जी, नहीं। सरकार ने कोई विश्व श्रृंखला स्मारक पदक कार्यक्रम शुरू नहीं किया है।

(ग) और (घ) : जी, हां। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, निर्धारित अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय संरक्षण दिशानिर्देशों का अनुपालन करते हुए उत्तर प्रदेश सहित देश में संरक्षित स्मारकों पर आवश्यक संरक्षण कार्य कर रहा है तथा वे भली-भांति संरक्षित हैं।